New Hotel in Windsor Place, New Delhi

*113. Shri D. D. Mantri:
Shri Buta Singh:
Shri Narasimha Reddy:
Shri Vishram Prasad:
Shri Bade:
Shri Onkar Lal Berwa:

Will the Minister of **Works, Housing and Rehabilitation** be pleased to state:

(a) whether Government have decided to build a new Hotel in the public sector in Windsor Place, New Delhi; and

(b) if so, the broad-line of the scheme and when it is likely to be completed?

The Minister of Works, Housing and Rehabilitation (Shri Mehr Chand Khanna): (a) and (b). A proposal for the construction of a new hotel of about 300 rooms at the corner of Janpath and Ashoka Road is under consideration. Details are yet to be finalised.

मद्रास के लिए परिवार नियोजन पुरस्कार

***११४. श्री यशपाल सिंह :** क्या **स्वास्थ्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि परिवार नियोजन के लिए प्रथम पुरस्कार मद्रास राज्य को दिया गया है ;

(ख) इस पुरस्कार के दिए जाने का मापदण्ड क्या है ; और

(ग) यह प्रतियोगिता वर्ष में कितनी बार होती है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी हां । १९६१ में परिवार नियोजन का सब से अच्छा काम मद्रास राज्य का घोषित किया गया और उसे पुरस्कार दिया गया ।

(ख) किसी राज्य में परिवार नियोजन कार्य का रिकार्ड निम्नलिखित मापदण्ड के आधार पर आंका गया :—

(१) प्रति एक लाख की जनसंख्या में किये गये आपरेशनों की संख्या को .३० का वटज दिया गया ।

(२) राज्य की जन संख्या के कितने प्रतिशत के लिये क्लीनिक हैं इसे .१० का वेटेज दिया गया ।

(३) प्रति दस हजार की जन संख्या में बांटे गये गर्भनिरोधकों को .१० का वेटेज दिया गया ।

(४) प्रति लाख की जन संख्या में से परिवार नियोजन ओरियेण्टेशन कैम्पों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या को .३० का वेटेज दिया गया ।

(५) प्रति दस लाख जन संख्या के पीछे कितने चिकित्सक, पैरा-मेडिकल कर्मचारी, विस्तार कर्मचारी और परिवार नियोजन में दीर्घकालिक और अंशकालिक पाठ्यक्रम प्राप्त कितने सामाजिक कार्यकर्ता हैं, इसे ०.२० का वेटेज दिया गया ।

तीसरी और चौथी मद के बारे में विस्तृत सूचना उपलब्ध न होने के कारण उन्हें अन्तिम अंक (फाइनल स्कोर) के लिए जिस के आधार पर पुरस्कार घोषित किया गया था नहीं लिया गया ।

(ग) यह प्रतियोगिता वर्ष में एक बार होती है ।